जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

समस्त पत्र व्यवहार कुलसचिव जीवाजी विश्वविद्यालय के नाम से ही किया जावे न कि किसी अन्य पदाधिकारी के नाम से।
सम्बन्धित विषय पर यदि पूर्व में पत्र व्यवहार हुआ हो तो पत्र क्रमांक एवं दिनांक अवश्य लिखा जावे जिससे सुविधा हो।

ग्राम : यूनीवर्सिटी
दूरभाष : 0091-(0751) 2442801 (कार्यालय)
2442462 (निवास)
फैक्स : (0091-0751-2341768
E-mail : jureg_gwl@rediffmail.con
Website : http://www.jiwaji.edu/

प्रेषक :
कुलसचिव,
जीवाजी विश्वविद्यालय
ग्वालियर

क्रमांक : एफ/सम्बद्धता/2019/6183

दिनांक : 29-08-2019

अतिआवश्यक

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त संबधित अशासकीय महाविद्यालय
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषयः- वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2018-19 हेतु जानकारी भेजने बावत्।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषय पर आपको सूचित किया जाता है, कि आपके द्वारा आज दिनांक तक जिन महाविद्यालयों ने सत्र 2018-19 की वार्षिक प्रतिवेदन की जानकारी नहीं भेजी है। वो कृप्या शीघ्र ही 03 दिवस में विश्वविद्यालय को जानकारी उपलब्ध करायें।

आपके द्वारा जानकारी प्रदाय न करने पर आगामी सत्र 2020-21 की सम्बद्धता पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा।

डायरेक्टर
महाविद्यालयीन विकास परिषद्

DISK:T/Tarun Shrivastava/All Letter's/DCDC/J.U.

जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

प्रथम स्मरण पत्र

क्रमांक /एफ/प्रशा/प्रवेश/2019/ 1962 दिनांक 26/8/19

प्रति,

विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निदेशक/अधिकारी/प्रभारी/वार्डन
जीवाजी विश्वविद्यालय
एवं प्राचार्य/प्राचार्या, जीवाजी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध,
समस्त महाविद्यालय (शासकीय एवं अशासकीय)

विषय – वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2018 –19 हेतु जानकारी भेजने बाबत्।

महोदय/महोदया,

विश्वविद्यालय का वर्ष 2018–19 का (01 जुलाई 2018 से 30 जून 2019 तक) वार्षिक प्रतिवेदन तैयार किया जाना हैं जिसमें निम्नलिखित विवरण प्रकाशित होना आवश्यक है :-

1. महाविद्यालय का संक्षेप में इतिहास तथा स्थापना वर्ष।
2. प्राचार्य का नाम (यदि प्रभारी प्राचार्य के रूप में कार्य दिया गया हो तो स्पष्ट अंकित किया जावे) एवं प्राध्यापकों की विषयवार संख्या भी दी जाये।
3. स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर के उन विषयों का विवरण जिनके अध्ययन हेतु महाविद्यालय को सम्बद्धता है तथा वे विषय जिनमें शोध सुविधायें उपलब्ध है और शोध केन्द्र के रूप में मान्य है।
4. छात्रों की संख्या (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग की जानकारी पृथक से अंकित की जावे)
5. पुस्तकालय की स्थिति।
6. परीक्षा परिणाम।
7. अन्य विशेष कार्यक्रम तथा विशेष गतिविधियां जो प्रकाशन योग्य हों तो उनके विवरण अलग से टाइप कराकर भेजे जा सकते हैं।

वार्षिक प्रतिवेदन शासन के विभिन्न विभागों की ओर भेजने के अतिरिक्त विधानसभा पटल पर भी रखे जाते हैं। पूर्व वर्षों में आपकी ओर से यह जानकारियां कई स्मरण पत्र भेजने के पश्चात् भी प्राप्त नहीं हुई है। [illegible] इस प्रकार की प्रवृत्ति की पुनरावृत्ति न हो।

शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार यदि शासकीय महाविद्यालय निर्धारित समय-सीमा में जानकारी विश्वविद्यालय में नहीं भेजते हैं तो सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य की वेतन वृद्धि रोकी जाने हेतु शासन को सूचना भेजी जावेगी तथा अशासकीय महाविद्यालय यदि समय सीमा में जानकारी नहीं भेजते हैं तो सम्बन्धित महाविद्यालयों की सम्बद्धता समाप्त किये जाने की कार्यवाही की जावेगी।

अतः कृपया व्यक्तिगत रूचि लेकर शीघ्रातिशीघ्र समस्त जानकारी दिनांक 11.09.2019 तक संलग्न प्रपत्रानुसार तीन–तीन प्रतियों में **हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी (सीडी)** में अनिवार्यतः **कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर** में भेजने की व्यवस्था करें। उक्त जानकारी विश्वविद्यालय के डाटा सेन्टर के ई–मेल { judatacentre@gmail.com } पर भी आवश्यक रूप से भेजे।

"भेजी गई जानकारी तथ्यात्मक एवं सत्य है" इस आशय का प्रमाण पत्र भी संलग्न करे।

संलग्न :- उपरोक्तानुसार

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. उप सचिव, उच्चशिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन, भोपाल।
2. आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन, सतपुडा भवन, भोपाल।
3. क्षेत्रीय कार्यालय, अतिरिक्त संचालक, ग्वालियर चम्बल संभाग, ग्वालियर।
4. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
6. वेबसाइड प्रभारी, इस सूचना पत्र को तत्काल जीवाजी विश्वविद्यालय, की वेबसाइड पर अपलोड करें।

Mail पर डलवाई
29/8/2019

उप/सहा-कुलसचिव (प्रशा0)

D:/BHUPENDRA Letter